प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 15.05.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से पांच देशों की यात्रा पर–पहले चरण में संयुक्त अरब अमीरात के आबूधाबी पहुंचेंगे।

- दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतों कें आये उछाल के बाद देश में पेट्रोल और डीजल के दाम में 3 रूपये प्रति लीटर की बढोतरी।

- प्रदेश में भूजल स्तर और जल संचयन में जन भागीदारी बढ़ाने के लिए 25 मई से वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान शुरू होगा।

- पश्चिमी विक्षोभ के असर से राज्य में कई स्थानों पर तेज रफ्तार हवाओं के साथ आंधी बारिश का दौर।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से पांच देशों की यात्रा पर रवाना हुए। श्री मोदी संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की यात्रा करेंगे। यात्रा के पहले चरण में प्रधानमंत्री श्री मोदी आज अबू धाबी के लिए रवाना होंगे, जहां वे व्यापार, निवेश, ऊर्जा सुरक्षा और उभरती प्रौद्योगिकियों पर केंद्रित उच्च स्तरीय चर्चाएं करेंगे। यह यात्रा दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाने के लिए हो रही है। भारत का यूएई को निर्यात 36 दशमलव 63 बिलियन डॉलर से अधिक हो गया है। इसके साथ ही यूएई भारत का दूसरा सबसे बड़ा एक्सपोर्ट डेस्टिनेशन बन गया है।

00000

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कल नई दिल्ली में ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों और प्रतिनिधि मंडल के प्रमुखों के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि इस साल भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स देश सतत विकास को बढ़ावा देने, आर्थिक लचीलापन बढ़ाने और अधिक समावेशी वैश्विक व्यवस्था बनाने के लिए मिलकर काम करेंगे। श्री मोदी ने कहा कि ब्रिक्स उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग को आगे बढ़ाने और ग्लोबल साउथ के देशों की आकांक्षाओं को आवाज देने के लिए महत्वपूर्ण मंच के रूप में उभरा है।

00000

आगामी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट की तैयारियों की समीक्षा के लिए कल शाम शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बैठक की। श्री प्रधान के आवास पर हुई इस उच्च स्तरीय बैठक में उच्च शिक्षा सचिव, विद्यालय शिक्षा सचिव, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के महानिदेशक, सीबीएसई के अध्यक्ष और केंद्रीय विद्यालय संगठन तथा नवोदय विद्यालय समिति के आयुक्तों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में नीट परीक्षा को सुचारू और प्रभावी ढंग से संचालित करने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

00000

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई की दसवीं कक्षा की दूसरी बार की बोर्ड परीक्षाएं आज से शुरू हो रही है। 21 मई तक ये प्रदेश के 90 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होंगी। इसके लिए राज्य के करीब 1300 स्कूलों में 21 हजार विद्यार्थी पंजीकृत हुए है। परीक्षा का आयोजन दो पारियो में किया जा रहा है। परीक्षा केन्द्रों पर नकल की रोकथाम के लिए त्रिस्तरीय उड़नदस्तों का गठन किया गया है। वहीं आरबीएसई की दसवीं और 12वीं की पूरक परीक्षाएं भी कल से शुरू हो गई।

00000

दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल के बाद तेल कंपनियों ने देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3 रुपये प्रति लीटर की बढोतरी की है। दिल्ली में अब पेट्रोल की कीमत 97 रुपये 77 पैसे प्रति लीटर, वहीं डीजल की कीमत 90 रुपये 67 पैसे प्रति लीटर हो गई है। प्रदेश में राजधानी जयपुर सहित अन्य शहरों मे भी ईंधन के दाम बढ़ गये है।

पेट्रोल सवा तीन रूपये और डीजल करीब तीन रूपये प्रति लीटर महंगा हो गया है। नई दरें आज से लागू हो गई है।

00000

राष्ट्र प्रथम के संकल्प को आत्मसात करते हुए प्रदेश में ईंधन की बचत और सार्वजनिक परिवहन को बढावा देने की कवायद शुरू की गई है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने काफिलों में वाहनों की संख्या कम करने का निर्णय किया है। इसी कडी में केन्द्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने एस्कोर्ट सुरक्षा छोडकर ईंधन बचाने का संदेश दिया। श्री चौधरी ने कहा कि ईंधन की बचत आज के समय की जरूरत है। हर देशवासी को इसमें अपनी भागीदारी देनी चाहिए।

.....

राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक सीजे संजीव प्रकाश शर्मा ने भी अपने वाहन के साथ चलने वाली एस्कोर्ट कार को छोड दिया है। इसी तरह निचली अदालतों में कई मजिस्ट्रेट कार पूलिंग कर कोर्ट पंहुच रहे है।

00000

प्रदेश में भू जल स्तर और जल संचयन में जन भागीदारी बढाने के लिए 25 मई गंगादशमी से वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान शुरू होगा। प्रदेशभर में ये अभियान 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस तक चलेगा। मुख्य सचिव वी श्रीनिवास की अध्यक्षता में कल इस बारे में अहम बैठक हुई। उन्होंने कहा कि अभियान को जन आंदोलन का रूप देने के लिए हर जिले में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। जल संरक्षण वर्षा जल संचयन, पारम्परिक जल स्त्रोतों के संरक्षण का काम मिशन मोड पर किया जायेगा। अभियान के दौरान श्रम दान, स्वच्छता गतिविधियां, पौध रोपण, जल स्त्रोतों की सफाई, प्रभात फेरियां और जागरूकता रैलियां आयोजित होंगी। उन्होंने बताया कि ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट ग्राम 2026 के राज्यस्तरीय समापन समारोह के साथ ही वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान 2026 का राज्यस्तरीय शुभारम्भ होगा। मुख्य सचिव ने सभी जिला कलेक्टरों को जल जीवन मिशन 2.0 के कामों में तेजी लाने के निर्देश दिये।

00000

चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कोटा में न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल और जेकेलोन अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया और प्रसूताओं तथा उनके परिजनों से मुलाकात की। मीडिया से बातचीत में उन्होंने पिछले दिनों हुई प्रसूताओं की मौत और तबियत बिगडने की घटना को बेहद दुखद बताया। उन्होंने कहा कि मामले के हर पहलू की बारीकी से जांच करवायी जा रही है। उन्होंने बताया कि दिल्ली एम्स की टीम भी आज कोटा में इस प्रकरण की जांच करेगी। अंतिम रिपोर्ट मिलने पर ही घटना के सही कारणों तक पंहुचा जा सकेगा।

.....

00000

पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश में कई स्थानों पर आंधी बारिश का दौर बना हुआ है। इससे तापमान में 1 से 3 डिग्री तक की गिरावट आई है। हालांकि गर्मी का असर बरकरार है। कल हनुमानगढ़, फलोदी, बीकानेर, बारां और राजधानी जयपुर सहित कई शहरों में हल्की बारिश हुई। जयपुर में भीषण गर्मी के बाद शाम को तेज रफ्तार हवाओं और गरज के साथ रूक—रूक कर करीब 2—3 घंटे बरसात का दौर चला। कोटपूतली—बहरोड में देर शाम चली धूलभरी आंधी से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। कई जगह बिजली के पोल और पेड़ गिरने से यातायात बाधित हुआ। उधर पश्चिमी राजस्थान में प्रचंड गर्मी का प्रकोप है। प्रशासन की ओर से पानी की फुहारों से लोगों को गर्मी से राहत देने का प्रयास किया जा रहा है। फलोदी, बाडमेर और जैसलमेर में दिन का पारा 45 डिग्री से अधिक रहा। वहीं श्रीगंगानगर में अधिकतम तापमान 44 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस मापा गया। चित्तोडगढ और जालोर में रात का तापमान 30 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आज शेखावाटी क्षेत्र, बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के उत्तरी भागों में कहीं—कहीं गरज के साथ बूंदाबांदी के आसार जताये है।

00000